

## फील्डिंग इतनी खराब रही तो नहीं बचा सकते कोई भी टारगेटः विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तिरुवनंतपुरम। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में शिकस्त झेलने के बाद टीम की खराब फील्डिंग की आलोचना की है। टीम इंडिया के कप्तान ने कहा कि अगर ऐसी स्थिति रही तो किसी भी लक्ष्य बचाव करना मुश्किल होगा। उन्होंने खिलाड़ियों से क्षेत्ररक्षण के दौरान ज्यादा मुस्तैद रहने को कहा। रविवार को खेले गए मैच में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की लगातार दो गेंदों पर वॉशिंगटन सुंदर और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने सलामी बल्लेबाज लिंडल सिमंस और इविन लुईस का कैच टपका दिया। भारतीय क्षेत्ररक्षकों से यह जीवनदान मिलने के बाद सिमंस ने 45 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए, जबकि लुईस ने भी 35 बॉल में 40 रन बनाए। इससे वेस्ट इंडीज ने मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम किया। कोहली ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, श्अगर हमारी फील्डिंग इतनी खराब रही तो कोई भी लक्ष्य काफी नहीं होगा। पिछले दो मैचों में हमारी फील्डिंग काफी खराब रही। हमने एक ओवर में दो कैच टपकाए। अगर हमने दोनों विकेट ले लिए होते तो उन पर दबाव बढ़ जाता।

# तोक्यो ओलिंपिक और फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर

## वाडा ने रूस पर लगाया 4 साल का बैन

**बैन**

बैन प्रभावी रहने तक किसी भी तरह के खेलों का आयोजन नहीं कर पाएगा रूस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड ऐंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) ने रूस पर 4 साल का बैन लगा दिया है। इसका मतलब यह है कि अब रूस अगले चार साल तक किसी भी प्रकार के मुख्य खेल आयोजनों में हिस्सा नहीं ले पाएगा। रूस पर इस बैन का सबसे बड़ा असर यह पड़ेगा कि वह तोक्यो में होने जा रहे आगामी ओलिंपिक 2020 और कतर में होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप 2022 से भी बाहर हो गया है। वाडा के इस कड़े निर्णय के बाद रूस अब अगले 4 साल तक खेलों के किसी भी तरह के मुख्य आयोजनों में हिस्सा नहीं ले सकेगा।

वाडा ने रूस पर एक डोपिंगरोधी प्रयोगशाला से गलत आंकड़े देने के आरोप लगाए और इस कारण उस पर यह बैन लगाया। वाडा के एक प्रवक्ता ने कहा, सिफारिशों की पूरी सूची सर्वसम्मति से स्वीकार कर ली गई है। रूस पर भले ही यह प्रतिबंध लगाया गया हो लेकिन उसके वे खिलाड़ी, जिन्हें डोपिंग में क्लीन चिट मिल जाएगी वे न्यूट्रल फ्लैग (तटस्थ झंडे) के इन खेलों में हिस्सा ले सकेंगे। वाडा की कार्यकारी कमिटी ने स्विट्जरलैंड में हुई बैठक में एकमत होकर इस देश पर चार साल का यह बैन लगाया।



वाडा ने इस बैन के खिलाफ रूस अगले 21 दिन के भीतर अपील कर सकता है। अगर वह ऐसा करता है तो मामला कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स को भेजा जाएगा। वाडा ने रूस के प्रति काफी कड़ा सख्त रवैया अपना है। वाडा के उपाध्यक्ष लिंडा हेलेलैंड ने कहा, श्रूस पर यह बैन प्रर्याप्त नहीं है।

वाडा के इस बैन के चलते अब रूस अगले चार साल तक किसी भी तरह के मुख्य खेलों की न तो मेजबानी कर पाएगा और न ही वह ओलिंपिक 2032 और पैरालिंपिक खेलों 2032 की मेजबानी के लिए निविदा भी नहीं कर सकेगा।

## पाक में 2009 के हमले के बाद पहला टेस्ट खेलने पहुंची श्रीलंकाई क्रिकेट टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रावलपिंडी। पाकिस्तान में साल 2009 में हुए आतंकवादी हमले के बाद पहली टेस्ट सीरीज खेलने श्रीलंकाई क्रिकेट टीम इस्लामाबाद पहुंच गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य कार्यकारी वसीम खान ने कहा, 'श्रीलंकाई टीम का आगमन ऐतिहासिक मौका है और हमें खुशी है कि हम दो मैचों की इस टेस्ट सीरीज की मेजबानी कर रहे हैं।'

'पहला टेस्ट बुधवार से रावलपिंडी में और दूसरा 19 दिसंबर से कराची में खेला जाएगा। पीसीबी ने एक विडियो ट्वीट किया है जिसमें श्रीलंकाई टीम को इस्लामाबाद से उतरते और सुरक्षाबलों के घेरे में उन्हें निकलते हुए दिखाया गया है।



पाकिस्तान की मेजबानी में एक दशक के बाद कोई टेस्ट मैच खेला जाएगा। साल 2009 में श्रीलंका की टीम पर लाहौर में आतंकवादी हमला हुआ था, जिसके बाद इस देश में इंटरनैशनल क्रिकेट के लिए रास्ते बंद हो गए थे। इस दौरे के जरिये पाकिस्तान में टेस्ट क्रिकेट की बहाली होगी। साल 2009 के आतंकवादी हमले में लाहौर में आठ लोग मारे गए थे और कई क्रिकेटर जख्मी हुए थे। उसके बाद से पाकिस्तानी टीम अपने सारे मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेल रही है।

## किसी भी मैदान पर सिक्स लगाने में सक्षम हूंः शिवम दुबे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तिरुवनंतपुरम। वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले ऑलराउंडर शिवम दुबे को यकीन है कि वह दुनिया के किसी भी मैदान पर छक्के लगा सकते हैं। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजे गए दुबे ने 30 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 54 रन बनाए। भारत हालांकि दूसरा मैच 8 विकेट से हार गया और सीरीज फिलहाल 1–1 से बराबर है। दुबे ने मैच के बाद कहा, 'यह मैदान बड़ा था लेकिन मैं किसी भी मैदान पर छक्के लगा सकता हूं। आपने आज देखा और मैं कहीं भी इसमें सक्षम हूं।'

भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 7 विकेट पर 170 रनों का स्कोर बनाया जिसके बाद विंडीज टीम ने 2 विकेट पर 173 रन बनाकर 18.3 ओवर में ही मैच जीत लिया। जब शिवम अपनी टाइमिंग को लेकर जूझ रहे थे तब उपकप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें संयम के साथ खेलने की सलाह दी। दुबे ने कहा, 'तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका मिलना मेरे लिए बड़ी बात है। मुझ पर निश्चित तौर पर दबाव था। इसके बाद रोहित भाई ने मेरी मदद की और कहा कि संयम के साथ अपनी ताकत पर खेलो।

## न्यूज डायरी



### टीवी सीरीज में नजर आएंगे धोनी, सुनाएंगे सेना के अधिकारियों की कहानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जल्द ही एक सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसमें वह सेना के पुरस्कृत अधिकारियों की कहानियां सुनाएंगे। स्टूडियोनेक्स्ट जल्द ही धोनी के सहयोग से एक टीवी सीरीज लाने जा रहा है जिसमें वह सेना के अधिकारियों की कहानी सुनाते दिखेंगे। वनडे इंटरनैशनल में 10 हजार से ज्यादा रन बना चुके धोनी खुद आर्मी टेरिटोरियल में पैराशूट रेजिमेंट में एक लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद उपाधि) हैं। इस बारे में बात करते हुए एक सूत्र ने कहा, 'धोनी अपने शो में बहादुर परमवीर चक्र और अशोक चक्र पुरस्कार विजेताओं की कहानियां सुनाएंगे। शो में सेना के अधिकारियों की कहानियां और विशेष सामग्री होगी।' एक रिपोर्ट के अनुसार, टीवी सीरीज सैन्य अधिकारियों की निजी कहानियों को बताएगी क्योंकि धोनी अपने शो के माध्यम से देश की सेवा करने वाले वीर जवानों को सुर्खियों में लाना चाहते हैं। फिलहाल इस सीरीज की स्क्रिप्ट को तैयार किया जा रहा है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू की जाएगी।

### पाक क्रिकेट को रातों–रात सुधारने के लिए मेरे पास कोई जादू की छड़ी नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के मुख्य कोच और चीफ सिलेक्टर मिसबाह उल हक ने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा कि उनके पास टीम की तकदीर रातों–रात बदलने के लिए कोई जादू की छड़ी नहीं है। उन्होंने साथ ही कहा कि अगर कुछ समय में वह नतीजे नहीं दे सके तो पद छोड़ देंगे। पूर्व कप्तान मिसबाह ने लाहौर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। मिसबाह से पाकिस्तान के हालिया खराब प्रदर्शन के बारे में कई सवाल दागे गए। मिसबाह ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'आप क्या चाहते हैं। आपको समझना होगा कि मेरे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए समय देना होगा और एक प्रक्रिया का सामना करना होगा।' पूर्व कप्तान ने कहा कि पाकिस्तानी टीम अगर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी तो वह पद छोड़ देंगे। उन्होंने कहा, 'मैं भी यहां बैठकर पाकिस्तान क्रिकेट की बर्बादी का तमाशा नहीं देखना चाहता। किसी को यह पसंद नहीं होगा।

### राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के दौरान निशानेबाजी चौम्पियनशिप करने की कोई योजना नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने सोमवार को यहां कहा कि 2022 में बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारत में राष्ट्रमंडल निशानेबाजी चौम्पियनशिप कराने की उसकी कोई योजना नहीं है। इन खेलों में इस आयोजन से निशानेबाजी को बाहर कर दिया गया है। सीजीएफ ने कहा कि शुक्रवार को उसकी प्रमुख लुई मार्टिन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड ग्रेवम्बर्ग जब म्यूनिख में आईएसएसएफ के शीर्ष अधिकारियों से मिले तो इससे जुड़ा कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं पेश किया गया। मीडिया में ऐसी खबरें थी कि बर्मिंघम में होने वाले खेलों के दौरान भारत में निशानेबाजी चौम्पियनशिप का आयोजन किया जा सकता है और इसमें आने वाले पदकों को राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले देशों के पदक में जोड़ा जाएगा।

### ऋषभ पंत को मच्योर होने में अभी थोड़ा समय लगेगाः पीटरसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे ऋषभ पंत को मच्योर होने में समय लगेगा। उन्होंने साथ ही कहा कि अभी उनके (पंत) पास समय है जब वह अपनी पूर्ण क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन कर सकेंगे। पिछले कुछ समय से खराब दौर से जूझ रहे पंत आलोचना का सामना कर रहे हैं। बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग के अलावा डीआरएस फैसलों में भी वह नाकाम रहे हैं। पीटरसन ने एक निजी टीवी चौनल पर कहा, 'वह (ऋषभ पंत) युवा हैं और उनके भीतर ऊर्जा तथा उत्साह है। वह आईपीएल खेलते हैं और भारत के लिए भी खेल रहे हैं।'